गुरुगृह गयउ पढन रघुराइ। अलपकाल विद्या सब आई।।
जाकी सहज स्वास श्रुति चारि। सो हरि पढ यह कौतुक भारि।।
(मानस आचार्य | राम कथा 917- गांधीनगर, गुजरात | मोरारी बापू)

*NewsPaper*NewsPortal*NewsChannel

दैनिक डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

सतर्क रहें-सजग रहें अभियान

www.dgr.co.in | www.detectivegroupreport.com

वर्ष : 8 अंक : 308 | इंदौर, गुरुवार 18 मई, 2023 | पेज : 8, मूल्य : 2 रुपए

Headline

1. **Law Minister**: किरेन रिजिजू से छीना गया कानून मंत्रालय, अर्जुन राम मेघवाल को मिली जिम्मेदारी
2. **Karnataka News**: कर्नाटक के CM के रूप में शपथ लेंगे सिद्धारमैया, खरगे ने विपक्षी नेताओं को किया आमंत्रित
3. **एक्शन में केजरीवाल**: सेवा सचिव के बाद अब मुख्य सचिव को बदलने की तैयारी, केंद्र सरकार का खटखटाया दरवाजा
4. **Nainital High Court**: ध्वस्त होने चाहिए अवैध धार्मिक निर्माण, हाईकोर्ट ने कहा-धर्म का नहीं होना चाहिए कोई परहेज
5. **Russia**: हाइपरसोनिक मिसाइल के वैज्ञानिकों पर देशद्रोह का आरोप, साइंटिस्ट बोले- ऐसे डर के नहीं कर सकते काम?

चुनाव के लिए बड़ा दांव

लाड़ली बहना योजना में कुल 2 लाख आपत्तियां

आवेदनों का सिर्फ 1.6%; भाजपा और कांग्रेस दोनों महिला मतदाताओं को लुभाने में जुटीं

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

भोपाल। लाड़ली बहना योजना में 30 अप्रैल तक 1.25 करोड़ से अधिक आवेदन आने के बाद 15 मई तक 2.03 लाख आपत्तियां ही आई हैं। ये आपत्तियां प्रदेशभर में मिले कुल आवेदनों का मात्र 1.6 % हैं। अब 30 मई तक इन आपत्तियों पर सुनवाई होगी। इसके बाद पात्र महिलाओं की सूची फाइनल कर दी जाएगी और 10 जून से उनके खाते में 1000 रुपए का वितरण शुरू किया जाएगा।

आपत्तियों का निराकरण गांव में जनपद सीईओ की अध्यक्षता वाली समिति और शहरी क्षेत्रों में आयुक्त नगर निगम की समिति करेगी। जांच में कोई महिला अपात्र मिलती है तो योजना से नाम हटा देंगे। प्रमुख सचिव महिला बाल विकास दीपाली रस्तोगी ने भास्कर से कहा कि भविष्य में किसी लाभार्थी के खिलाफ आपत्ति आती है तो नियमों के मुताबिक सुनवाई में पात्रता का निर्णय होगा। इस प्रश्न पर कि लाभार्थी द्वारा गलत जानकारी देने का मामला आता है तो क्या दिए गए नकद की वसूली होगी, अधिकारी ने कहा कि अभी कुछ बोलना संभव नहीं है।

30 अप्रैल तक आए 1.25 करोड़ फॉर्म

30 अप्रैल तक भोपाल में 3.08 लाख, इंदौर में 4.39 लाख, जबलपुर में 3.81 लाख और ग्वालियर में 3.08 लाख फॉर्म भरे गए थे। इसके बाद ग्राम पंचायत और निगम के वार्ड कार्यालयों में सूची प्रदर्शित कर दी गई थी, जिसके आधार पर आपत्तियां आई हैं।

आपत्तियां ऐसी- 2.5 लाख से ज्यादा आय, चार पहिया वालों ने भरे फॉर्म

कई जिलों में सामने आई आपत्तियों के मुताबिक उन महिलाओं ने भी फॉर्म भर दिए हैं जिनकी पारिवारिक आय 2.5 लाख से ज्यादा है। कुछ के घर में ट्रैक्टर और कारें हैं। घर में सरकारी नौकरी वाले सदस्य भी हैं।

इधर, नारी सम्मान रथ रवाना

कांग्रेस ने नारी सम्मान योजना के 20 लाख फॉर्म भरवाए

कांग्रेस 2.60 करोड़ महिला मतदाताओं को लुभाने के लिए नारी सम्मान योजना को लेकर घर-घर तक पहुंच रही है। इसमें सरकार बनने पर 500 रुपए में गैस सिलेंडर और हर महिला को 1500 रुपए महीने दिए जाएंगे। 8 दिन में 230 विधानसभा में 20 लाख फार्म भरवाए गए हैं। 12 जून को प्रियंका गांधी जबलपुर से चुनाव प्रचार शुरू करेंगी। कांग्रेस की योजना है कि तब तक 1.15 करोड़ फॉर्म भर जाएं। उप्र से लगे अटेर के पूर्व विधायक हेमंत कटारे का कहना है कि 50 हजार फॉर्म बांटे गए हैं, 5 हजार फार्म भरवा चुके हैं। महाराष्ट्र सीमा से लगे बड़वानी जिले के राजपुर से विधायक बाला बच्चन ने 8 हजार से ज्यादा फॉर्म भरवाए हैं। यहां 50 हजार फॉर्म छपवाए हैं। इसके पीछे अन्य प्रदेशों में भी मैसेज देने का मकसद है। लांजी विधायक हिना कावरे, अलीराजपुर से मुकेश पटेल, खरगोन से रवि जोशी 6000 से ज्यादा फॉर्म भरवा चुके हैं।

शविराज सरकार के पास केवल 93 दिन, 1188 घोषणाओं पर शुरू नहीं हुआ काम

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

भोपाल। राज्य सरकार के पास काम करने के केवल 93 कार्यदिवस शेष हैं। अभी मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान की एक हजार 188 घोषणाएं अधूरी हैं, जिन्हें पूरी करना सरकार के लिए बड़ी चुनौती है। 23 मार्च 2020 को चौथी बार सत्ता संभालने के बाद मुख्यमंत्री ने तीन साल में दो हजार 387 घोषणाएं की हैं। इनमें से अधूरी घोषणाओं में से कुछ केंद्र सरकार से संबंधित हैं। जिन्हें पूरा करने की समयसीमा राज्य सरकार तय नहीं कर सकती है।

प्रदेश में नवंबर में विधानसभा चुनाव प्रस्तावित हैं। इसके डेढ़ माह पहले (यानी अक्टूबर के पहले सप्ताह में) आचार संहिता प्रभावी हो जाएगी। इस हिसाब से देखें तो सरकार के पास अपने वादे पूरे करने के लिए साढ़े चार माह का ही समय है। इसमें से शनिवार-रविवार और जयंती, त्योहार के अवकाश को हटा दें तो केवल 93 कार्यदिवस हैं। इतने कम समय में एक हजार 188 घोषणाओं को पूरा करना आसान नहीं हैं। यही कारण है कि मुख्यमंत्री अपनी घोषणाओं को लेकर चिंतित हैं और लगातार समीक्षा कर रहे हैं। उन्होंने पिछले माह विभागवार समीक्षा की है।

● निकायों की स्थिति खराब

मुख्यमंत्री की घोषणाएं पूरी करने में मामले में निकायों की स्थिति सबसे खराब है। नगरीय क्षेत्रों में विभिन्न कार्यों के लिए मुख्यमंत्री ने तीन साल में 425 घोषणाएं की हैं, इनमें से अब तक 215 ही पूरी हो पाई हैं। दूसरे नंबर पर पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग है। इस विभाग में भी 285 में से 127 घोषणाएं अधूरी हैं। सड़क, पुल और पुलिया के निर्माण से संबंधित 108 घोषणाएं लंबित हैं। मुख्यमंत्री ने 162 घोषणाएं की थीं।

● घोषणाओं को लेकर घेर रही कांग्रेस

विधानसभा चुनाव में मुख्य विरोधी दल के रूप में सामना करने वाली कांग्रेस मुख्यमंत्री की घोषणाओं को ही प्रचारित कर रही है। हाल ही में भोपाल में आयोजित जाट महाकुंभ में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष कमल नाथ के सामने जब जाट समाज ने मांग पत्र रखा, तो उन्होंने साफ कहा कि मैं घोषणा की मशीन नहीं हूं। क्रियान्वयन में विश्वास रखता हूं और आपके अगले कार्यक्रम में हिसाब दूंगा। कांग्रेसी इससे पहले भी मुख्यमंत्री की घोषणाओं को लेकर टिप्पणी करते रहे हैं। ऐसे में सरकार पर घोषणाएं पूरी करने का दवाब बढ़ रहा है।

देश की संवैधानिक संस्थाओं को बचाना नागरिकों का कर्तव्य है

● हमारे देश में लोकतंत्र नागरिकों के कारण बचा है और नागरिकों के कारण ही बचेगा - मनीष तिवारी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। **सांसद एवं कांग्रेस के प्रवक्ता मनीष तिवारी ने कहा है कि लोकतंत्र की रक्षा के लिए संविधानिक संस्थाओं को चुनौतियों से बचाना नागरिकों की जिम्मेदारी है। हमारे देश में लोकतंत्र नागरिकों के कारण ही बचा है और नागरिकों के कारण ही बचेगा।**

तिवारी आज यहां अभ्यास मंडल की 62 वी ग्रीष्मकालीन व्याख्यानमाला में जाल सभागृह में संबोधित कर रहे थे। वर्तमान राजनीतिक परिदृश्य में नागरिकों की भूमिका पर उन्होंने कहा कि हमारे देश में नागरिकों की भूमिका तो उस वक्त भी महत्वपूर्ण थी जब देश की नागरिकता भी नहीं थी। हम गुलाम थे। महात्मा गांधी ने दक्षिण अफ्रीका से लौटने के बाद पूरे देश का भ्रमण किया। उन्होंने आवाम को जागरुक और लामबंद किया। उन्होंने ऐसा प्रयोग किया कि दुनिया के इतिहास में पहली बार लहर पर भी राज करने वाली ब्रिटिश सरकार से देश को आजादी दिलाई। यह कोशिश इसलिए कामयाब हुई क्योंकि उन्होंने देश की जनता को जागरूक किया।

वर्तमान परिदृश्य की चर्चा करते हुए उन्होंने कहा कि देश बचेगा तो नागरिकों के द्वारा संविधान की रक्षा किए जाने से ही बचेगा। यही नागरिकों का सबसे बड़ा कर्तव्य है। जब भी देश तरक्की करते हैं तो उसका कारण उस देश के मूल सिद्धांत के बरकरार रहना है। वर्ष 1945 से लेकर 1960 तक की अवधि में विश्व के जितने भी देश आजाद हुए उन सभी में भारत एकमात्र ऐसा देश है, जिसमें कि लोकतांत्रिक परंपरा निरंतर रही है। हमारे देश में संसदीय प्रणाली, न्यायपालिका और मीडिया के द्वारा गंभीर उत्तर दायित्व का निर्वहन किया गया है। पिछले कुछ वर्षों में इन संवैधानिक संस्थाओं पर गंभीर चुनौती सामने आई है। प्रारंभ में अतिथि का स्वागत राजेंद्र बिल्लोरे , रेहाना खान , हबीब बेग, मौसम राजपूत, डा ओ पी जोशी, आदित्य सेंगर ने किया। कार्यक्रम का संचालन डॉक्टर मनीषा गौर ने किया। अतिथि को स्मृति चिन्ह डॉ एस एल गर्ग ने भेंट किया। अंत में आभार प्रदर्शन श्याम सुंदर यादव ने किया।

कर्मचारियों को खुश करने में लगा शासन

वर्षों पुरानी मांग लिपिकों की मंजूर होने की संभावना

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। मध्य प्रदेश लिपिक वर्ग शासकीय कर्मचारी संघ के जिला अध्यक्ष प्रकाश दुबे एवं मध्य प्रदेश राज्य कर्मचारी संघ के जिला अध्यक्ष शिव नारायण शर्मा द्वारा बताया गया कि लिपिक वर्ग शासकीय कर्मचारी संघ एवं राज्य कर्मचारी संघ लिपिकों की वेतन विसंगति को दूर किए जाने हेतु निरंतर धरना प्रदर्शन आंदोलन ज्ञापन का सहारा लेकर वर्ष 2016 से प्रयासरत है। विगत दिनों वेतन विसंगति की मांग को लेकर भोपाल में मध्य प्रदेश राज्य कर्मचारी कल्याण आयोग के अध्यक्ष रमेश चंद्र शर्मा को लिपिकों की मांगे पूरा करने हेतु अवगत कराया गया था जिसके तारतम में मध्यप्रदेश शासन वित्त विभाग द्वारा लिपिकों की वर्षों पुरानी मांग मंत्रालय के तृतीय श्रेणी सहायक ग्रेड 3 कर्मचारियों के समान विभागाध्यक्ष एवं उसके अधीनस्थ कार्यालयों में कार्यरत सहायक ग्रेड 3 कर्मचारियों को उच्चतर समयमान वेतनमान रुपए 5500 -9000 प्रदाय करने एवं ग्रेड पे 2400 प्रदाय करने हेतु सचिव कर्मचारी आयोग को मध्य प्रदेश राज्य कर्मचारी कल्याण समिति भोपाल से प्राप्त मांग पत्र अपने स्तर पर तथ्यों के आधार पर परीक्षण करने का अनुरोध किया गया है ,जिससे प्रदेश के लिपिक कर्मचारी शासन की ओर आशा भरी निगाहों से देख रहे हैं कि उनकी वर्षों पुरानी वेतन विसंगति की मांग शासन पूरी करेगा। उक्त पत्र के जारी होने से, मध्य प्रदेश राज्य कर्मचारी संघ प्रदेश अध्यक्ष विश्व जीत सिंह सिसोदिया महामंत्री हेमंत श्रीवास्तव लगातार शासन से सम्पर्क कर रहे हैं लिपिक वर्गीय कर्मचारी से प्रांत से द्विवेदी जी भी साथ में हैं संभागीय अध्यक्ष मोहन कुमार त्रिपाठी लिपिक वर्गीय कर्मचारी संघ संभागीय अध्यक्ष हरीश शुक्ला विनोद नागरे सीबी समपाल आशीष शर्मा विजय चौहान बंसीलाल चौहान मध्यप्रदेश राज्य कर्मचारी संघ जिला सचिव राकेश कुमार वर्मा पवन चावरे सांस्कृतिक प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष बालमुकुंद गौड़ आदि कर्मचारियों का कहना है शासन को लिपिकों की उक्त मांगों को अति शीघ्र पूरा करना चाहिए।

पहले समझाइश दी जाएंगी, नहीं माने तो फिर होगी कार्रवाई

● नगर निगम शहर के सभी फूटपाथ अतिक्रमण से मुक्त करेंगा, आज से शुरु होगा अभियान

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। **शहर में मुख्य मार्ग एवं कॉलोनियों की मेन रोड पर फल-सब्जी के ठेले लगाने और मुख्य बाजारों में दुकान के बाहर फुटपाथ पर कब्जे करने के साथ कपड़े टांगने वाले दुकानदारों को इस तरह अतिक्रमण न करने को लेकर समझाया जाएगा। समझाईश के बाद नहीं मानने पर नगर निगम रिमूवल विभाग कार्रवाई करेगा। ठेले वाले और दुकानदारों को समझाईश देने के साथ राजबाड़ा, गोपाल मंदिर रोड और सीतलामाता बाजार सहित प्रमुख मार्गों के फुटपाथ से अतिक्रमण हटाने की मुहिम आज से शुरू की जाएगी।**

नगर निगम ने शहर के सभी फुटपाथों को अतिक्रमण मुक्त करने की कार्यवाही प्रारंभ कर रहा है। इसके लिए शहर के मुख्य मार्गों के फुटपाथ व सड़क पर फल-सब्जी के ठेले लगाने वाले लोगों को समझाईश दी जाएगी कि एक जगह खड़े न होकर घूमकर अपनी सामग्री बेचें। इसबे बाद न मानने पर निगम कार्रवाई करेगा। कुशवाह नगर, प्रजापत नगर, द्वारकापुरी, इतवारिया बाजार, चंदन नगर, मूसाखेड़ी रोड, तिलक नगर, जाएगी। राजबाड़ा, गोपाल मंदिर, बंगाली चौराहा के आसपास की सीतला माता बाजार सहित शहर के बस्तियों सहित शहर की सभी सघन सभी प्रमुख मार्गों पर दुकान के बाहर बस्तियों और कॉलोनियों में मार्ग पर फुटपाथ पर सामान रखने वाले ठेले एवं सामग्री रख कर व्यापार करने दुकानदारों को समझाईश देंगे। नहीं

बैठक खत्म होते ही निकले होर्डिंग- पोस्टर हटाने

निगम रिमूवल और कोंदवाड़ा विभाग के अफसर व कर्मचारियों की बैठक कल राजस्व समिति प्रभारी निरंजन सिंह चौहान ने रखी। बैठक में रिमूवल विभाग के प्रभारी अधिकारी अश्विन जनवदे, सहायक रिमूवल अधिकारी बबलू कल्याणे, विनीत तिवारी, समस्त जोन के रिमूवल और कोंदवाडा सुपर वाइजर सहित दल प्रभारी मौजूद थे। फुटपाथ को अतिक्रमण मुक्त करने, प्रमुख बाजारों और मार्गों पर व्यवस्थित यातायात परिवहन, मार्ग संकेतक, जेन्ट्री गेट, बिजली खंबों, डिवाइडरों पर लगने वाले फ्लैक्स व होर्डिंग हटाने के आदेश दिए गए। बैठक खत्म होने के बाद ही रिमूवल विभाग की एक टीम शहर में निकली और बड़ी संख्या में होर्डिंग-फ्लैक्स को हटाया गया।

महार समाज का सामूहिक विवाह 20 मई को

इंदौर। श्री सोमवंशीय सकल पंच महार समाज केन्द्रीय समिति का 27 वां भव्य सामूहिक विवाह समारोह 20 मई,2023 को शाम 4 से 8 बजे तक गांधी हाल परिसर में आयोजित किया जाएगा। समारोह के लिये अब तक 19 जोडों का पंजीयन हो चुकी है। केन्द्रीय अध्यक्ष रणजीत जगताप तथा नारायण गायकवाड ने बताया कि सम्मेलन में शामिल होने वाले युगलों से नाममात्र का प्रविष्टि शुल्क लिया जा रहा है। सम्मेलन में सभी नवयुगल जोडों, बराती-घरातियों को स्वच्छता, जल बचाव का संकल्प दिलवाया जाएगा। सामूहिक विवाह समारोह के अध्यक्ष श्री सुभाष निकुमकर एवं श्री अनिल पंवार ने बताया कि सम्मेलन में समाज के अलग-अलग समाजसेवियों द्वारा नवविवाहित जोडों को गृहस्थी का सामान उपहार स्वरूप दिया जाएगा। यह आयोजन समाज में समरसता लाने के उद्देश्य से विगत 26 वर्षों से अनवरत किया जा रहा है।

बैंकॉक इन्टरनेशनल कन्वेंशन में दीपक शर्मा का सम्मान

इन्दौर। बैंकॉक इन्टरनेशनल कन्वेंशन में इंदौर के प्रतिष्ठित वित्तीय सलाहकार दीपक शर्मा को विशेष रूप से सम्मानित किया जा रहा है। दुनिया की फॉर्च्यून 500 कंपनी में शुमार प्रूडेंशियल इंक की सहायक एवं भारतीय वित्तीय जगत की सबसे प्रगतिशील लाईफ इन्शयोरेंस कंपनी प्रामेरिका लाइफ द्वारा बैंकॉक में आयोजित इंटरनेशनल कन्वेंशन में इंदौर के वित्तीय सलाहकार दीपक शर्मा का सम्मान किया जाएगा। 18 से 20 मई तक आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों के दौरान यह सम्मान समारोह होगा। ज्ञातव्य है कि विगत वर्ष कंपनी द्वारा दिए गए लक्ष्य की पूर्ति हेतु पूरे भारत से 200 लोगों का चयन किया गया है, जिसमें इंदौर शहर से दीपक शर्मा एकमात्र सलाहकार हैं।

कुवाल को बड़ी जवाबदारी के साथ उज्जैन ऑका प्रभारी नियुक्त किया

इंदौर। मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष श्री कमलनाथ जी की अनुशंसा पर अनुसूचित जाति विभाग के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजेश लिलोठिया जी की सहमति से प्रदेश अध्यक्ष श्री प्रदीप अहिरवार जी ने प्रदेश उपाध्यक्ष श्री फूलसिंह कुवाल जी को उज्जैन जिले का प्रभारी नियुक्त किया था।

मेट्रो के सुपर प्रायरिटी कॉरिडोर पर रेल लाइन बिछाने का काम शुरू

सांसद शंकर लालवानी ने पूजन-अर्चन कर काम की शुरूआत की

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। इंदौर मेट्रो ट्रेन के सुपर प्रायरिटी कॉरिडोर पर रेल लाइन बिछाने का काम शुरू हो गया है। सांसद शंकर लालवानी ने विधि विधान के साथ इस काम की शुरूआत की। जमीन से करीब 40 फीट ऊपर बने वायडक्ट में पटरियां बिछाने का काम शुरू हुआ है। क्रेन की सहायता से पटरियों को पहले ऊपर ले जाया जाता है और एक विशेष वेल्डिंग मशीन से इन्हें आपस में वेल्ड किया जाता है।

सांसद शंकर लालवानी ने बताया कि मेट्रो का काम बेहद तेजी से चल रहा है और पटरियां बिछाने की शुरूआत हो गई है। मेट्रो कि इन पटरियों को जोड़ने के लिए अत्याधुनिक तकनीक का उपयोग किया जा रहा है एवं यह रेलवे लाइन से काफी अलग तकनीक पर बिछाई जा रही है। सांसद शंकर लालवानी करीब 40 फीट ऊपर बने ट्रैक पर क्रेन में बैठकर पहुंचे और मेट्रो के अधिकारियों से इसकी पूरी कार्यप्रणाली को विस्तृत रूप से समझा। इस अवसर पर इंदौर मेट्रो के महाप्रबंधक अजय कुमार, अतिरिक्त महाप्रबंधक अनिल जोशी, एमपीएमआरसीएल के वरिष्ठ अधिकारी, जनरल कंसलटेंट एवं मेट्रो निर्माण में जुटी अलग-अलग कंपनियों के प्रतिनिधी उपस्थित थे।

देश के सर्वश्रेष्ठ मेडिकल कॉलेजों की प्रतिस्पर्धा में एमजीएम मेडिकल कॉलेज को शामिल करने के हों प्रयास : संभागायुक्त

● महात्मा गांधी स्मृति चिकित्सा स्वशासी महाविद्यालय की कार्यकारिणी समिति की बैठक संपन्न

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। **संभागायुक्त डॉ. पवन कुमार शर्मा की अध्यक्षता में आज महात्मा गांधी स्मृति चिकित्सा महाविद्यालय एवं सम्बद्ध चिकित्सालयों की स्वशासी संस्था की कार्यकारिणी समिति की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में संभागायुक्त डॉ. शर्मा ने कहा कि इन्दौर का मेडिकल कॉलेज देश के सर्वश्रेष्ठ मेडिकल कॉलेजों की प्रतिस्पर्धा में आए यह प्रयास किए जाने जरूरी हैं।**

बैठक में कलेक्टर इंदौर डॉ. इलैयाराजा टी, डीन मेडिकल कॉलेज डॉ. संजय दीक्षित, एमवाय हास्पिटल के अधीक्षक डॉ. पी.एस. ठाकुर, डॉ. सुमित शुक्ला, पूर्व डीन डॉ. डी.के. तनेजा, संयुक्त आयुक्त श्रीमती सपना सोलंकी सहित अन्य सदस्यगण उपस्थित थे। बैठक में बताया गया कि एमजीएम मेडिकल कॉलेज के अधीन संचालित सुपर स्पेशिलिटी अस्पताल में किडनी ट्रांसप्लांट की तैयारी की जा रही है और यह कार्य जल्द शुरू होगा। बैठक में बताया गया कि शासकीय नेत्र चिकित्सालय से मरीजों को लाभ मिल रहा है और यहाँ लगभग प्रतिदिन लगभग 200 मरीज उपचार के लिए आ रहे हैं। बैठक में संभागायुक्त डॉ. शर्मा ने मेडिकल कॉलेज के स्पोर्ट्र्स कॉम्पलेक्स का कार्य शीघ्र शुरू करने के निर्देश दिये। बताया गया कि यहाँ बॉस्केटबॉल और वॉलीबॉल मैदान के लिए जमीन चिन्हित की गई कर ली गई है। बैठक में एमवाय हास्पिटल में तीन नवीन इको एम्बुलेंस क्रय किए जाने की अनुमति भी प्रदान की गई। खजराना गणेश मंदिर द्वारा मरीजों/प्रसूताओं के भोजन के लिए अनुबंध को पाँच वर्ष बढ़ाने का निर्णय भी बैठक में लिया गया। संभागायुक्त डॉ. शर्मा ने कॉलेज के नवीन ग्रंथालय भवन को अधिक सुदृढ़ बनाने के निर्देश दिए।

बैठक में वित्तीय वर्ष 2022-23 के पुनरीक्षित बजट एवं वर्ष 2023-24 के प्रस्तावित बजट का अनुमोदन किया गया। एमवाय चिकित्सालय/सुपर स्पेशिलिटी हास्पिटल/स्कूल ऑफ एक्सीलेंस फॉर आई चिकित्सालय इंदौर के प्रायवेट रूम के निर्धारित दर 1500 रुपए प्रति दिवस करने पर चर्चा की गई। अध्यापन के लिये 3 आडियो विजूअल साउंड सिस्टम लगाये जाने का निर्णय लिया गया।

सावधान! आप भी तो नहीं बन रहे

फर्जी मैट्रिमोनियल वेबसाइट्स का शिकार

मध्य प्रदेश साइबर पुलिस ने कुंवारे युवकों को शादी का झांसा देकर लाखों

ऐसे चलता है ठगी का धंधा



DETECTIVE GROUP
Detecting the truth

विवाह के बंधन में बंधने से पहले एक बार तहकीकात ज़रूर करवाएँ

लीजिये डिटेक्टिव की मदद

+91-91110 50101

www.detectivegroup.in

सीखो-कमाओ योजना को कमलनाथ ने बताया गुमराह कार्यक्रम

योगेंद्र यादव बोले, आज देश में एक ही नारा- नफरत के बाजार में मुहब्बत की दुकान खोलनी है

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

भोपाल। मध्यप्रदेश सरकार की सीखो कमाओ योजना को पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ ने गुमराह करने का कार्यक्रम बताया है। उन्होंने कहा, विधानसभा चुनाव के 5 महीने बचे हैं, अब युवा याद आ रहे, किसान याद आ रहे, बहनें याद आ रहीं, 18 साल तक इनकी याद नहीं आई। सरकार अब मतदाताओं को गुमराह करने की कोशिश कर रही है। बता दें, मध्यप्रदेश कैबिनेट ने बुधवार को मुख्यमंत्री सीखो-कमाओ योजना को स्वीकृति दी है। इस योजना के तहत से लेकर हायर एजुकेशन तक कम्प्लीट कर चुके युवाओं को ट्रेनिंग दी जाएगी। उन्हें 8 से 10 हजार रुपए प्रतिमाह स्टाइपेंड भी दिया जाएगा।

भारत जोड़ो अभियान के नेशनल काउंसिल मेंबर योगेंद्र यादव ने कहा, हमारे देश के संविधान, संस्कृति, सभ्यता को खत्म किया जा रहा है। इसलिए सामाजिक संगठनों ने तय किया है कि आपस के झगड़े बाद में सुलझा लेंगे, लेकिन आज जो हमारे घर में आग लगाने की कोशिश कर रहे हैं, बाल्टी में पानी

लेकर आग से घर को बचाना है। बाल्टी का रंग मत देखो, बस घर कैसे बचेगा ये सोचना है। आज देश में एक आवाज नारे के रूप में गूंज रही है- नफरत के बाजार में मुहब्बत की दुकान खोलनी है।

पंचायती राज संस्थाएं खतरे में

कमलनाथ बोले- हमारे यहां गवर्नेंस बाय डिफॉल्ट है। पंचायती राज बचा है क्या? पंचायत से मंत्रालय तक भ्रष्टाचार मचा है। जाति प्रमाणपत्र हो या राशन कार्ड पैसे दे दो तो बन जाएगा। हमारी पंचायती राज संस्थाएं खतरे में हैं। शिक्षा में प्राइवेट वालों को प्राथमिकता दो, सरकारी स्कूलों में शिक्षक नहीं हैं। अस्पतालों में डॉक्टर नहीं हैं। बिजली के खंभों पर तार नहीं हैं और तार हैं, तो बिजली नहीं है। 3 लाख 30000 करोड़ रुपए का कर्जा मध्यप्रदेश पर लाद दिया। इसका ब्याज चुकाने के लिए और कर्ज लिया जा रहा है। हमारे अतिथि शिक्षक, संविदा शिक्षक, आशा, उषा कार्यकर्ता... सब परेशान हैं।

कमलनाथ ने कहा, मैं मुख्यमंत्री था। अतिवृष्टि हुई तो नीमच, मंदसौर गया। शाम को जब वापस लौटा, तो अधिकारियों को बुलाया और कहा कि मैं देख कर आया हूं। अधिकारी बोले कि पटवारी - तहसीलदार सर्वे में लगाएंगे। मैंने उनसे कहा कि सर्वे तो मैं करके आया हूं। 1 हफ्ते के अंदर मुआवजा मिल जाना चाहिए, वरना मैं आपके ऑफिस में ताला डाल दूंगा। मुआवजा किसानों को मिल गया। इस तरह हम परिवर्तन ला सकते हैं। लेकिन, शिवराज सिंह तब इतनी घोषणाएं कर रहे हैं, जब चुनाव के 5 महीने बचे हैं।

पार्टी छोड़ने के बाद भी रखी जा रही है दीपक जोशी पर नजर

कई सीटो पर भाजपा विधायको की जमीन कमजोर कर सकते है जोशी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

भोपाल। अपनी उपेक्षा से नाराज पूर्व मंत्री और भाजपा के कद्दावर नेता दीपक जोशी कांग्रेस का दामन थाम चुके हैं। लेकिन इसके बाद भी भाजपा उन पर लगातार नजर बनाए हुए हैं। राजनीतिक गलियारों में जारी चर्चाओं पर यदि विश्वास किया जाए तो भाजपा को इस बात का डर है, दीपक जोशी भाजपा और उससे जुड़े अन्य संगठनों के कई प्रभावी लोगों को भी कांग्रेसमें शामिल कराकर प्रदेश में कई विधानसभा सीटों पर भाजपा की जमीन कमजोर कर सकते हैं। गौरतलब है, कि मंगलवार को दीपक जोशी भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं बजरंग सेना के राष्ट्रीय संयोजक रघुनंदन शर्मा के बैरागढ़ स्थित निवास पर उनसे मुलाकात करने पहुंचे थे।

बताया जा रहा है, कि उस समय बजरंग सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष रणवीर पटेरिया भी शर्मा के निवास पर मौजूद थे, इन सभी के बीच काफी देर तक बातचीत जारी रहीं। हालांकि इस मिलन कार्यक्रम को आपसी संबंधों के चलते सामान्य मुलाकात बताया जा रहा है। लेकिन इस मुलाकात को लेकर भाजपा सकते में आ गई है। राजनीतिक विशेषज्ञों का मानना है, कि वर्तमान स्थिति को देखते हुए दीपक जोशी और शर्मा की मुलाकात से भाजपा के समीकरण बिगड़ सकते हैं, और यदि हिंदूवादी संगठन बजरंग सेना के राष्ट्रीय संयोजक और राष्ट्रीय अध्यक्ष दीपक जोशी और कांग्रेस को समर्थन देने का ऐलान कर दे, तो कोई हैरानी की बात नहीं होगी। सूत्रों का कहना है कि इस मुलाकात को लेकर अंदरूनी तौर पर भाजपा पूरी छानबीन में लगी है, लेकिन सामने आकर कुछ भी बोलने से बच रहे है। गौरतलब है, कि साल 2018 विधानसभा चुनाव में शर्मा की नाराजगी भाजपा को भारी पड़ी थी। चर्चा यह भी है, कि दीपक जोशी की मुलाकात के बाद भाजपा नेता भी बजरंग सेना के राष्ट्रीय संयोजक और राष्ट्रीय अध्यक्ष से औपचारिक बैठकर वातार्लाप करने के मूड में है, जिससे उनकी मनो स्थिति का जायजा लिया जा सके।

जेल में कैद आरोपी को मंडप लेकर पहुंची पुलिस

दुल्हन ससुराल पहुंची, दूल्हा वापस जेल

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

सतना। शासन को धन्यवाद। मैं खुश हूं, मेरी शादी हो रही है। कोशिश की तो पुलिस ने भी मदद की। यह कहना है विक्रम चौधरी का, जो ब्याह रचाने जेल से सीधे दुल्हन के घर पहुंचा। विक्रम को शराब तस्करी के मामले में कुछ दिन पहले पुलिस ने गिरफ्तार किया था। कोर्ट ने उसे जेल भेज दिया। उसकी शादी पहले से तय थी, इसलिए कोर्ट से गुहार लगाई। कोर्ट ने आवेदन स्वीकार कर लिया। इसके बाद कोर्ट के आदेश पर मंगलवार को पुलिस के साये में बारात निकली। पुलिसकर्मी बाराती बने। रातभर शादी की रस्में निभाने के बाद सुबह विदाई हुई। दुल्हन ससुराल और दूल्हा जेल के लिए रवाना हो गया।

शादी से दो दिन पहले किया गिरफ्तार

मामला सतना जिले का है। पुलिस ने शराब तस्करी के मामले में 14 मई को विक्रम चौधरी (22) और उसके पिता ददन चौधरी निवासी घूरडांग को गिरफ्तार किया गया था। जेल जाने के कारण शादी में अचड़न आ गई थी। ऐसे में दूल्हे ने कोर्ट में आवेदन दिया। उसने बताया, हमेरा रिश्ता मैहर के करवा गांव में तय हुआ है। शादी की तारीख 16 मई है, लेकिन इससे पहले ही 14 मई को कोलगवां पुलिस ने मुझे और मेरे पिता को शराब तस्करी के मामले में गिरफ्तार कर लिया। हमें जेल भेज दिया गया। दोनों पक्षों की तरफ से शादी की पूरी तैयारी हो चुकी है। कार्ड भी बांटे जा चुके हैं, ऐसे में शादी कैंसिल करना मुश्किल है। इस कारण शादी के लिए अनुमति दी जाए।

शादी के बाद वापस पहुंचाया जेल

बुधवार सुबह शादी के बाद दुल्हन विदा होकर ससुराल चली गई, जबकि दूल्हे को लेकर पुलिस वापस जेल रवाना हो गई।

मां-बाप को गोली मारी, छोटे भाई की गर्दन मरोड़ी

नाबालिग को 3 बार उम्रकैद; कोर्ट ने कहा- नरमी बरती तो समाज में गलत मैसेज जाएगा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

सागर। 17 साल के बेटे ने 1500 रुपए के लिए अपनी मां का गला दबाया, बेहोश हुई तो गोली मार दी। पिता ड्यूटी से घर लौटे। दरवाजा खोला तो अंदर खून के धब्बे दिखे। वो कुछ समझ पाते, इसके पहले ही नाबालिग बेटे ने उनके सीने में गोली मार दी। माता-पिता के शव को एक कमरे में ले जाकर दरवाजा बंद कर दिया। थोड़ी देर छोटा भाई ट्यूशन से लौटा तो उसकी गर्दन मरोड़कर हत्या कर दी।

ये सनसनीखेज ट्रिपल मर्डर की घटना सागर जिले में जनवरी 2020 की है। तीन साल बाद 9 मई को बालक न्यायालय, नवम अपर सत्र न्यायाधीश सागर ने नाबालिग को तीनों हत्याओं को लिए अलग-अलग उम्रकैद की सजा सुनाई। कोर्ट ने अपने फैसले में आरोपी के साथ नरमी नहीं बरते जाने को लेकर टिप्पणी भी की। बालक ने जिस प्रकार से अपने माता-पिता और भाई की मृत्युकारित की है, वह उसके कानून के प्रति उपेक्षापूर्ण व दुःसाहसी मानसिकता को दर्शाता है। यदि बालक को परिवीक्षा का लाभ दिया गया तो समाज में न्याय व्यवस्था के प्रति प्रतिकूल संदेश जाएगा। अतः उसे परिवीक्षा अधिनियम के प्रावधानों का लाभ दिया जाना उचित प्रतीत नहीं होता है। माता-पिता और भाई की हत्या के संबंध में भारतीय दंड संहिता 1860 की धारा 302 व 201 के अंतर्गत दंडनीय अपराध का दोष सिद्ध पाया जाता है।

कुबेरेश्वर धाम में रुद्राक्ष वितरण शुरू

श्रद्धालुओं को नहीं हो परेशानी, इसीलिए बनाए गए 9 काउंटर

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

सीहोर। सीहोर के कुबेरेश्वर धाम में बुधवार से निशुल्क रुद्राक्ष का वितरण का शुभारंभ हो गया है। भागवत भूषण पंडित प्रदीप मिश्रा के आदेश अनुसार गत दिनों शिव महापुराण के अभिमंत्रित रुद्राक्ष का वितरण मासिक शिव चतुर्दशी से श्रीगणेश किया गया है। यहां आने वाले श्रद्धालुओं को परेशानी नहीं हो, इसके लिए 9 काउंटरों का निर्माण किया गया है। इन काउंटरों से क्रम अनुसार श्रद्धालुओं को रुद्राक्ष का वितरण किया जाएगा। बुधवार को रुद्राक्ष वितरण के पहले विठलेश सेवा समिति की ओर से यहां पर उपस्थित पंडित विनय मिश्रा, समीर शुक्ला सहित अन्य ने रुद्राक्ष वितरण का श्रीगणेश किया।

तालाब में डूबने से तीन बच्चों की मौत

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

नीमच। तालाब में डूबने से तीन बच्चों की मौत हो गई। हादसा जिले के बघाना थाना क्षेत्र के बाघ पिपलिया में हुआ। तीनों बच्चे राजस्थान के कपासन गांव से शादी समारोह में शामिल होने बाघ पिपलिया आए थे। वे बुधवार दोपहर तालाब में नहाने चले गए। इसी दौरान एक बच्चा डूबने लगा। उसके साथियों ने उसे बचाने की कोशिश की लेकिन वे खुद गहरे पानी में पहुंच गए। कुछ ही देर में तीनों बच्चे डूब गए। उनकी उम्र 12 से 13 साल के बीच बताई गई है।

पिता ही निकला बेटे का कातिल

● विवाद करने पर पिता ने कर दी पिटाई

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट **शाजापुर।** जिले के ग्राम भिलवाडिया निवासी एक युवक की विगत दिनों मौत के बाद परिजनों ने हत्या के आरोप स्टोन क्रेशर के मालिक पर लगाए थे। सुनेरा पुलिस ने मर्ग कायम कर मामला जांच में लिया तो पिता ही बेटे का कातिल निकला। पिता-पुत्र में विवाद होने पर उसे लकड़ी से पीट दिया था। जिसमें बेटे की मौत हो गई। एडिशनल एसपी टीएस बघेल ने बताया कि ग्राम भिलवाड़िया निवासी अर्जुन पिता दरबार सिंह सिसौदिया स्टोन क्रेशर पर मजदूरी का कार्य करता था। युवक की आदतें ठीक नहीं थी और वह नशा करके आएं दिन परिजनों से झगड़ा करता। उस दिन भी घर आकर पिता दरबार सिंह से विवाद करने लगा। पिता ने गुस्से में आकर लकड़ी से पिटाई कर दी जिससे उसकी मौत हो गई।

भोपाल में संघ के मुस्लिम राष्ट्रीय मंच का राष्ट्रीय अभ्यास वर्ग

भोपाल। 2024 के आम चुनाव से पहले आरएसएस का मुस्लिम राष्ट्रीय मंच देश भर में यूसीसी एक कानूनह को मुस्लिम समाज के बीच पहुंचाने कैम्पेन की शक्ल में काम करेगा। राष्ट्रीय मुस्लिम मंच के कार्यकर्ता सच्चा मुसलमान अच्छा नागरिक का संदेश लेकर देश भर में नए सिरे से निकालेंगे। संघ की इस शाखा के कार्यकर्ताओं को अभ्यास वर्ग में प्रशिक्षण दिया जाएगा। मुस्लिम राष्ट्रीय मंच के इस राष्ट्रीय अभ्यास वर्ग के लिए चुनावी राज्य मध्यप्रदेश की राजधानी भोपाल को चुना गया है।

MORARI BAPU

सत्य-प्रेम-करुणा...

भरोसा 2 तरह से किया जा सकता है ...

1...कुछ भी सोचे बिना किसी के चरणों में समर्पित हो जाना ....

2...पूरी तरह जान लो... फिर समर्पित होना...

साभार - Chitrakutdham Talgajarda

व्यक्तित्व विशेष

● पंचानन माहेश्वरी

(जन्मः 9 नवम्बर, 1904 जयपुर - मृत्युः 18 मई, 1966 दिल्ली) सुप्रसिद्ध वनस्पति विज्ञानी थे। पंचानन माहेश्वरी ने इलाहाबाद विश्वविद्यालय में शिक्षा प्राप्त की और आगरा कॉलेज से अध्यापन कार्य आरंभ किया। इलाहाबाद लखनऊ और ढाका विश्वविद्यालयों में भी पंचानन माहेश्वरी रहे और 1948 में दिल्ली विश्वविद्यालय में वनस्पति विज्ञान के अध्यक्ष होकर आ गए तथा जीवनपर्यंत वहीं रहे। माहेश्वरी की अपने क्षेत्र में अंतर्राष्ट्रीय ख्याति थी। इन्होंने पादप भ्रूणविज्ञान पर विशेष कार्य किया। भ्रूणविज्ञान और पादप क्रियाविज्ञान के सम्मिश्रण से इन्होंने एक नई शाखा का विकास किया। इससे फूलों के विभिन्न भागों की कृत्रिम पोषण द्वारा वृद्धि कराने में पर्याप्त सफलता मिली। आपके अधीन शोध कार्य करने के लिए भारतीय नहीं, अमेरिका, ऑस्ट्रेलिया, अर्जन्टीना आदि देशों के छात्र भी आते थे।

संपादकीय

सावधान होने का वक्त

एक आम इंसान के सामने स्वाभाविक ही दुविधा खड़ी हो जाती है, जो अपनी किसी बीमारी की हालत में चिकित्सकों या चिकित्सा संबंधी सलाहों पर निर्भर रहता है। निश्चित रूप से अगर कोई प्रशिक्षित चिकित्सक सभी प्रकार की जांच करके किसी चीज के सेवन या उससे बचने की सलाह देता है तो इसका कोई आधार होता है। सवाल है कि खाने-पीने को लेकर अनेक प्रकार के दावे करते हुए बाजार में उपलब्ध उत्पाद किसी बीमारी को दूर करने में क्या सचमुच सहायक साबित होते हैं? या फिर वे शरीर में एक नई जटिलता पैदा करते हैं। विश्व स्वास्थ्य संगठन यानी डब्लूएचओ ने मंगलवार को गैर-चीनी मिठास को लेकर जो नई चेतावनी जारी की है, वह वैसे लोगों के लिए सावधान हो जाने का वक्त है, जो ऐसी कृत्रिम मिठास का सेवन करते हुए यह मान कर चलते हैं कि उन्होंने शरीर में मीठे की जरूरत भी पूरी कर ली और वे चीनी के इस्तेमाल से भी बच गए। पिछले कुछ दशकों के दौरान जीवनशैली से जुड़े सेहत के सवालों को लेकर अनेक प्रकार के अध्ययन होते रहे हैं। खासतौर पर मधुमेह और हृदय रोगों को लेकर विशेष चिंता जताई जाती रही है और सबसे ज्यादा जोर खानपान में परहेज और संतुलन पर दिया जाता रहा है। इसी क्रम में मधुमेह के जोखिम के बीच कृत्रिम मिठास का विकल्प लोकप्रिय हुआ था। अब डब्लूएचओ ने शरीर के वजन को नियंत्रित करने या फिर गैर-संचारी बीमारियों के खतरे को कम करने के लिए आम इस्तेमाल में आ चुके मिठास पैदा करने वाले पदार्थ या गैर-चीनी मिठास को लेकर आगाह किया है। डब्लूएचओ के मुताबिक गैर-चीनी मिठास के सेवन को लेकर नया सुझाव उपलब्ध सबूतों की समीक्षा के नतीजों पर आधारित है, जिससे पता चलता है कि इसके इस्तेमाल से वयस्कों या बच्चों के शरीर का वजन कम करने में लंबे समय के दौरान कोई फायदा नहीं मिलता। बल्कि अध्ययन के नतीजों से ये तथ्य भी उजागर हुए है कि ज्यादा वक्त तक इसके इस्तेमाल से घातक असर हो सकते हैं।

अर्ज किया है..!

दिल्लगी थी या दिल की लगी,
कहां समझ पाये तुम...
होठों की मुस्कुराहट देखी, आँखों
की नमी कहां पढ़ पाये तुम....

धर्म-कर्म

वट सावित्री व्रत के दिन बनने वाले दुर्लभ संयोग

● महत्व, पूजन सामग्री, कथा व जानिए सबकुछ

हिंदू धर्म में, वट सावित्री व्रत सुहागन महिलाओं द्वारा अपने पति की लंबी आयु की कामना के लिए रखा जाता है। यह व्रत सावित्री से जुड़ी है, जिन्होंने मृत्यु के देवता यमराज के चंगुल से अपने पति सत्यवान की जान बचाई थी। महिलाएं इस दिन बरगद के पेड़ की पूजा करती हैं और अपने पति की लंबी उम्र की कामना करती हैं। वट सावित्री व्रत आमतौर पर ज्येष्ठ माह में अमावस्या तिथि को मनाया जाता है।

सुबह 04:06 बजे से शुरू हो जाएगा पूजन का शुभ मुहूर्त, यहां देखें वट सावित्री व्रत के चौघड़िया मुहूर्त

● 19 मई को है वट सावित्री व्रत

हर साल ज्येष्ठ मास के कृष्ण पक्ष की अमावस्या और पूर्णिमा तिथि को वट सावित्री व्रत रखा जाता है। 2023 में ज्येष्ठ मास के कृष्ण पक्ष की अमावस्या तिथि 18 मई को रात 9:42 बजे से शुरू होगी और 19 मई को रात 9:22 बजे समाप्त होगी। इसलिए इस साल का वट सावित्री व्रत 19 मई को रखा जाएगा। वट सावित्री व्रत आमतौर पर अमावस्या तिथि को मनाया जाता है। इस दिन यह पर्व पंजाब, दिल्ली, मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश, ओडिशा और हरियाणा में मनाया जाता है। इसके अलावा ज्येष्ठ पूर्णिमा पर वट सावित्री व्रत मुख्य रूप से महाराष्ट्र और गुजरात में मनाया जाता है।

● जून में भी रखा जाएगा वट सावित्री व्रत

ज्येष्ठ मास के शुक्ल पक्ष की पूर्णिमा तिथि को वट सावित्री व्रत 2023 की शुरुआत 3 जून को सुबह 11 बजकर 16 मिनट से होगी और अगले दिन 4 जून 2023 को सुबह 9 बजकर 11 मिनट पर समाप्त होगी। वट सावित्री व्रत 2023 शनिवार, 3 जून को मनाया जाएगा।

● वट सावित्री व्रत पूजन सामग्री

वट सावित्री व्रत 2023 पर पूजा करने के लिए, मौसमी फल, तरबूज, गंगाजल, अखंड चावल, रक्षा सूत्र नामक एक पवित्र धागा, फूल, सिंदूर, अगरबत्ती, पूरियां, अगरबत्ती, रोली, मिट्टी का दीपक, सोलह श्रंगार के लिए श्रृंगार सामग्री, पान, सुपारी, नारियल, भीगे हुए चने, पानी का पात्र, बरगद के पेड़ की छाल, कपड़ा, मिठाई, चावल, हल्दी, हल्दी का लेप, और गाय का गोबर आदि की आवश्यकता होती है।

● वट सावित्री व्रत का महत्व

वट सावित्री व्रत का हिंदू धर्म में अत्यधिक महत्व है और यह अपने आप में अत्यधिक लाभकारी है। इस साल वट सावित्री व्रत के दिन शनि जयंती का शुभ संयोग बन रहा है। वट सावित्री व्रत के दिन शश राज योग और सिद्धि योग का निर्माण हो रहा है।

● वट सावित्री व्रत के दिन बन रहे शुभ योग

इसके अलावा मेष राशि में चंद्रमा और बृहस्पति गज केसरी योग बनाएंगे। ज्योतिषियों का मानना है कि ऐसा करने से व्रती महिलाओं को विशेष लाभ और भगवान शनि की कृपा प्राप्त होगी। साथ ही इस दिन शोभन योग भी रहेगा जो शाम 6 बजकर 17 मिनट तक रहेगा और इस दौरान पूजा करने से विशेष लाभ मिलने की मान्यता है।

● वट सावित्री व्रत कथा

इस व्रत से जुड़ी पारंपरिक मान्यता के अनुसार, बहुत समय पहले सावित्री नाम की एक महिला ने अपनी निष्ठा और भक्ति के कारण देवलोक के देवता यमराज से अपने मृत पति के लिए प्राण वापस लेने में सफल रही थी। इसलिए कहा जाता है कि जो भी महिला वट सावित्री व्रत को उचित नियमों का पालन करके रखती है, वह सुनिश्चित करती है कि उसके पति का जीवन किसी भी परेशानी से प्रभावित न हो, उसका वैवाहिक जीवन लंबा चले, असमय मृत्यु से उसकी रक्षा हो और उसके परिवार को समृद्धि का अनुभव हो।

Highlights

1. Video shows people punching each other as fight breaks out at Walt Disney World in US
2. Pic of woman working on laptop while riding bike taxi in Bengaluru goes viral; people react
3. Musk, who said he gave $100 mn to OpenAI, now says it was $50 mn
4. 26/11 accused Tahawwur to be brought back to India as US court approves extradition
5. Indian-origin driver gives Prince Harry, Meghan a ride after 'dangerous chase' by paparazzi

Former Jet Airways CEO Sanjiv Kapoor joins Saudia Group airlines

NEW DELHI, (Agency). Sanjiv Kapoor, the former CEO-designate of Jet Airways, on Wednesday announced his new role as an advisor to the director general of Saudia Group, Saudi Arabia's national airline. This comes days after his resignation from the grounded airline in April.

"I am thrilled to share that I have joined the Saudia Group as Advisor to His Excellency Ibrahim Al-Omar, Director General of the Group," he wrote on LinkedIn.

In his new role, Kapoor expressed his commitment to working towards the Saudia Group's objective of attracting 100 million annual visitors to the Kingdom. His focus will be on leveraging the strategic location of Saudi Arabia to establish it as a global hub, seamlessly connecting the continents of Asia, Europe, and Africa.

"I am excited at the opportunity of working with a highly passionate and talented team and being part of what promises to be an exciting journey ahead," Kapoor wrote.

Saudia, one of the two major airlines of Saudi Arabia, has been working on its expansion plan. The group is currently in the process of procuring 39 wide-body 787 Dreamliner planes from Boeing, indicating its commitment to bolstering its fleet and enhancing its operational capabilities, Live Mint reported.

On March 21, Saudia declared that it is working to add 25 new destinations in 2023.

In April, Kapoor stepped down as CEO-designate of Jet Airways, exactly a year after his appointment. His departure came at a critical time when the transfer of ownership of the airline to a consortium led by Murari Lal Jalan and Kalrock Capital was pending, due to disagreements between the successful bidder and lenders.

Prior to his role at Jet Airways, Kapoor held esteemed positions such as president of Oberoi Hotels and Resorts, Chief Strategy Officer at Vistara Airlines, and chief operating officer at SpiceJet.

Senior Meta India executive Manish Chopra resigns, fourth major exit in 6 months

NEW DELHI, (Agency). Manish Chopra, Meta's Director and Head of Partnerships in India, has announced his resignation, making his exit from a company he joined in January 2019.

Chopra took to LinkedIn to announce his departure, adding, however, that he will help with the transition over the next few weeks. "I am grateful to the company for trusting me with building out our efforts to drive growth & engagement across Facebook, Instagram and WhatsApp. I am super proud of the work the team and I have done to become an ally for creators and businesses around the country. My heartfelt thanks to each and everyone one of you!" he wrote.

Chopra continued, referring apparently to the ongoing global layoffs at Meta, including in India: "The recent months have been trying times for everyone in so many ways! I know this team has shown so much care and has helped each other selflessly. At so many moments in one doing one's very best, I have seen folks embody 'what would you do, if you were not afraid', and surpass our wildest dreams. And so for me, I am now looking forward to a new phase in my professional life. I will share more in due course."

Sandhya Devanathan, Vice President, Meta India, thanked him for his contributions.

"Manish, thank you so much for your leadership and your contributions to Meta and our India business over all these years. Wish you an awesome next play!" Devanathan wrote below his post.

Uttarpradesh

54 साल का टीचर नाबालिग छात्राओं का कर रहा था शोषण, कई ने छोड़ा स्कूल, छठीं की छात्रा ने दिखाई हिम्मत

आगरा, (एजेंसी) आगरा में एक स्कूल का 54 साल का टीचर वहां की नाबालिग छात्राओं का शोषण कर रहा था। उन्हें गंदे तरीके से पकड़ता था। कभी जेब में हाथ डाल देता तो कभी किसी अन्य तरीके से परेशान कर रहा था। टीचर से आजिज आकर कई छात्राओं ने स्कूल जाना ही छोड़ दिया। इसी बीच एक छात्रा ने हिम्मत दिखाई और घर वालों को पूरी बात बता दी। इसके बाद हंगामा मच गया। टीचर के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। आक्रोशित अभिभावकों ने मुकदमा दर्ज कराने से पहले जिलाधिकारी और पुलिस आयुक्त से भी मुलाकात कर उन्हें मामले की जानकारी दी। मामला शमसाबाद ब्लॉक के एक पूर्व माध्यमिक विद्यालय का है।

मुकदमा दर्ज कराने वाले अभिभावक की बेटी ने पुलिस को बताया कि शुक्रवार को वह कक्षा में बैग से टिफिन लेने गई थी। शिक्षक कक्षा में आंखें बंद किए बैठा था। उसके पास रखे बैग से टिफिन निकालने लगी। शिक्षक ने हाथ मारा तो उसे लगा कि धोखे से लग गया होगा। लेकिन, उसने हाथ नहीं हटाया, उसे पकड़ने का प्रयास किया तो वह भाग आई।

छात्रा ने बताया कि शिक्षक की इस हरकत की शिकार वह अकेली नहीं थी। छठी से आठवीं कक्षा में पढ़ने वाली सभी छात्राओं के साथ वह यही सब कर रहा था। तीन महीने से उसकी हरकतें बढ़ गई थीं। इससे छात्राओं के मन में डर बैठ गया था। छात्राएं शिक्षक की मौजूदगी में अपनी कक्षाओं में जाने से डरती थीं।

Chhattisgarh

माता-पिता ने पीट-पीटकर की 16 साल के बेटे की हत्या, घर में मिले खून के छीटों से खुला राज

रायगढ़, (एजेंसी) छत्तीसगढ़ के रायगढ़ जिले में एक दर्दनाक घटना देखने को मिली. यहां माता-पिता ने पीट-पीटकर सगे 16 साल के बेटे की हत्या कर दी. इतना ही नहीं आरोपी माता-पिता ने बेटे की लाश को बोरे में रखा और घर से कुछ दूर सड़क किनारे फेंककर दुर्घटना का रूप देने का प्रयास किया.

आस-पास के लोगों ने भी पुलिस को यही बताया कि लड़के की मौत सड़क हादसे में हुई है. घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची शव को कब्जे में लिया और पोस्टमार्टम के लिए भेज मामले की जांच शुरू की. पीएम रिपोर्ट और कुछ सबूतों के आधार पर पुलिस को माता-पिता पर शक हुआ. दोनों को हिरासत में लेकर सख्ती से पूछताछ की गई और हत्या का राज खुलकर सबके सामने आ गया. मृतक लड़के के पिता ने पुलिस को बताया कि उनका बेटा डेढ़ माह पहले होस्टल से घर आया था. इसके बाद से वह किसी न किसी बात पर विवाद करता रहता था. हत्या वाले दिन उसने अपनी मां से झगड़ा किया था. इस पर गुस्सा आने के बाद हमने डंडे से उसकी जमकर पिटाई कर दी और मौके पर ही उसकी मौत हो गई. पुलिस ने बताया कि 6 अप्रैल को लैलूंगा थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ग्राम लोहडापानी लकरा टोकरी रोड के पास एक लड़के का शव कच्ची सड़क किनारे मृत अवस्था में पड़ा मिला था.

जांच में मृतक की शिनाख्त 16 साल के टेकमणी पैंकरा के तौर पर हुई. मृतक के मामा ने पुलिस को बताया कि उनका भांजा टेकमणी पैंकरा लैलूंगा के पास स्थित कोतबा के सरकारी होस्टल में 11वीं कक्षा की पढ़ाई कर रहा था. पुलिस ने धारा 302, 201, 34 के तहत मृतक के माता-पिता को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया.

Uttarakhand

व्हाट्सऐप वीडियो कॉल से ब्लैकमेल का खेल, पॉर्न वीडियो से सेक्सटॉर्शन से गंवाए लाखों रुपये

देहरादून, (एजेंसी) व्हाट्सऐप वीडियो कॉल पर एक लड़की से बात करना एक व्यक्ति को काफी भारी पड़ गया। व्हाट्सऐप वीडियो कॉल के बाद ब्लैकमेल का खेल शुरू हुआ। सेक्सटॉर्शन के इस खेल में पीड़ित व्यक्ति ने लाखों रुपये तक गंवा दिए। पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। एक अनजान लड़की से वीडियो कॉल पर बात करना देहरादून के एक व्यक्ति को भारी पड़ गया। युवती ने बातों में फंसाकर पॉर्न वीडियो बना ली, जिसे वायरल करने की धमकी देकर 1.81 लाख रुपये हड़प लिए। जब पैसों की दोबारा डिमांड की गई तो इससे तंग आकर व्यक्ति ने रायपुर थाने में केस दर्ज करवा दिया। पुलिस के अनुसार, अधोईवाला निवासी एक व्यक्ति ने तहरीर में बताया कि पांच मई को उनको व्हाट्सऐप पर एक युवती की वीडियो कॉल आई। कुछ देर बाद युवती ने अश्लील बातें शुरू कर दीं। इसी बीच युवती ने वीडियो बना लिया। फोन कटने के बाद युवती ने यह वीडियो उनके व्हाट्सऐप नंबर पर भेजा और धमकी दी कि अगर रुपये नहीं दिए तो वायरल कर दिया जाएगा।

Maharashtra

बर्बरता की हद!: नशे के आदी व्यक्ति की बाप, भाई और बेटे ने ही पीट-पीटकर ले ली जान, हत्या के बाद शव को जलाया

मुंबई, (एजेंसी) महाराष्ट्र में एक दिल दहलाने वाला मामला सामने आया है। दरअसल 35 वर्षीय बेटे की शराब की लत से परेशान परिवार ने ही उसकी पीट-पीटकर हत्या कर दी। इतना ही नहीं हत्या के बाद शव को जला दिया। पुलिस ने आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है और मामले की आगे की जांच कर रही है। पुलिस का कहना है कि प्रथमदृष्टया ऐसा लग रहा है कि परिवार ने ही युवक की हत्या की है। अधिकारियों ने बताया कि महाराष्ट्र के जालना की अंबड़ तालुका में रहने वाले युवक की 15 मई को अपने परिजनों से किसी बात को लेकर खेतों पर बहस हुई थी। बहस हाथापाई तक पहुंची और युवक के पिता, भाई और बेटे ने ही उसे बुरी तरह पीट दिया। पिटाई से युवक की मौत हो गई। जब परिजनों को पता चला कि उसकी मौत हो गई है तो उन्होंने पुलिस की कार्रवाई से बचने के लिए उसके शव को जला दिया।

खेल

दिल्ली ने मुश्किल की पंजाब की प्लेऑफ की राह, लिविंगस्टोन की तूफानी पारी पर फिरा

नई दिल्ली, (एजेंसी) दिल्ली कैपिटल्स (डीसी) ने आईपीएल 2023 के 64वें मुकाबले में पंजाब किंग्स (पीबीकेएस) को 15 रन से मात दी। दिल्ली ने धर्मशाला के मैदान पर 213/2 का विशाला स्कोर खड़ा किया और पंजाब को 198/8 पर रोक दिया। पंजाब के लिए लियाम लिविंगस्टोन ने तूफानी पारी खेली लेकिन उसपर पानी फिर गया। उन्होंने 48 गेंदों का सामना करने के बाद 94 रन बनाए। उन्होंने 5 चौके और 9 छक्के मारे। इस हार के साथ पंजाब की प्लेऑफ की राह काफी मुश्किल हो गई है। पंजाब की यह सातवीं हार है और वो 13 मैचों में 12 अंकों के साथ प्वाइंट्स टेबल में आठवें पायदान पर हैं। वहीं, दिल्ली पहले ही प्लेऑफ से बाहर हो चुकी है। हालांकि, दिल्ली पांचवीं जीतकर 10वें से नौवें स्थान पर पहुंच गई।

लक्ष्य का पीछा करते हुए पंजाब की शुरुआत खराब रही। कप्तान शिखर धवन शून्य पर दूसरे ओवर में आउट हो गए। प्रभसिमरन सिंह (19 गेंदों में 22) और अथर्व तायडे (42 गेंदों में 55) ने दूसरे विकेट के लिए 50 रन जोड़े। प्रभसिमरन सातवें ओवर में पवेलियन लौटे। वहीं, तायड धीमी बल्लेबाज के कारण 16वें ओवर में रिटायर्ड आउट हुए। उनकी जगह बैटिंग के लिए जितेश शर्मा आए मगर खाता नहीं खुला। शाहरुख खान ने 6 और सैमर करन ने महज 11 रन बनाए। हरप्रीत बराड़ (0) का बल्ला भी खामोश रहा। चौथे नंबर पर उतरे लिविंगस्टोन ने अंत तक मजबूती से मोर्चा संभाला लेकिन दूसरी छोर से साथ नहीं मिला। पंजाब को आखिरी ओवर में जीत के लिए 33 रन चाहिए थे और इशांत शर्मा ने 17 रन खर्च किए। दिल्ली की ओर से इशांत औ नॉर्किया ने दो-दो शिकार किए। खलील अहमद और अक्षर पटेल को एक-एक विकेट मिला। पंजाब के दो प्लेयर रनआउट हुए।

इससे पहले, दिल्ली ने टॉस गंवाने के बाद दिल्ली ने निर्धारित 20 ओवर में 2 विकेट गंवाकर 213 रन जुटाए। डीसी के लिए राइली रोसौव ने सर्वाधिक रन बनाए। उन्होंने 37 गेंदों में 6 चौकों और 6 छक्कों की मदद से नाबाद 82 रन की पारी खेली। पृथ्वी शॉ ने 38 गेंदों में 54 रन बनाए। उन्होंने 7 चौके और 1 छक्का मारा। शॉ ने कप्तान डेविड वॉर्नर के साथ पहले विकेट के लिए 94 रन जोड़े। वॉर्नर 11वें ओवर में आउट हुए। उन्होंने 31 गेंदों में 46 रन का योगदान दिया। उन्होंने 5 चौके और 2 सिक्स ठोके। इसके बाद, शॉ ने रोसौव के साथ दूसरे विकेट के लिए 54 रन की पार्टनरशिप की। शॉ 15वें ओवर में पवेलियन लौटे। वहीं, रोसौव ने फिलिप साल्ट के संग तीसरे विकेट के लिए 65 रन की अटूट साझेदारी की। साल्ट 14 गेंदों में 26 रन बनाकर नाबाद रहे। उन्होंने 2 चौके और 2 छक्के जड़े। पंजाब के लिए दोनों विकेट सैम करन ने चटकाए।

सिनेमा

सलमान खान की बहन अर्पिता के घर हुई चोरी, काम वाले ने पार किया 5 लाख का डायमंड इयररिंग

सलमान खान की बहन अर्पिता खान ने मुंबई पुलिस में चोरी की शिकायत दर्ज कराई है। अर्पिता खान का कहना है कि उनकी महंगी डायमंड इयररिंग चोरी हो गई है। खबर है कि चोरी के आरोप में मुंबई पुलिस ने अर्पिता के घर काम करने वाले को गिरफ्तार कर लिया है। जानकारी के मुताबिक शख्स का नाम संदीप हेगड़े है और वह विले पार्ले ईस्ट की अंबेवाड़ी स्लम में रहता है। यह शख्स अर्पिता खान शर्मा के खार स्थित हाई राइज अपार्टमेंट में बतौर डॉमेस्टिक सपोर्ट काम करता था। अर्पिता खान ने अपनी शिकायत में लिखा है कि उनकी डायमंड इयररिंग की कीमत 5 लाख रुपये है और उन्होंने इसे अपनी मेकअप ट्रे में रखा था जो अब गायब है। हेगड़े उन 11 लोगों में से एक है जो इस हाई राइज अपार्टमेंट में पिछले 4 महीने से काम कर रहे थे। खबर है कि इयररिंग गायब होने के बाद से ही वह काम पर नहीं आया है और उसने बिना बताए काम छोड़ दिया था। जानकारी के मुताबिक चोरी किया गया इयररिंग संदीप के घर से ही रिकवर किया गया है। संदीप को अभी पुलिस कस्टडी में ही रखा गया है। उस पर IPC की धारा 381 लगाई गई है। बता दें सलमान खान का उनकी बहन अर्पिता के साथ काफी करीबी रिश्ता है। वह कई त्योहार अपनी बहन के घर पर ही सेलिब्रेट करते रहे हैं और भांजे के साथ उनकी तस्वीरें भी कई बार वायरल हो चुकी हैं।

मां को डॉक्टर के पास भेजा, फिर लगा ली फांसी

●परिजनों ने महिला पर धर्म परिवर्तन को लेकर धमकाने का आरोप लगाया

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। आजाद नगर में रहने वाले एक युवक ने फांसी लगाकर अपनी जान दे दी। उसने मां को डॉक्टर के पास भेजा ओर फिर खुद फंदे पर झूल गया। बताया जाता है कि पत्नी के छोडऩे के बाद युवक वर्ग विशेष की महिला के साथ लिव इन में रहने लगा था। जिसमें वह अलग घर लेने को लेकर धमका रही थी। वह धर्म परिवर्तन को लेकर भी दबाव बना रही थी।

आजाद नगर पुलिस के मुताबिक इलाके में रहने वाले राजा(35)पिता रमेश पंवार ने अपने घर में फांसी लगाकर जान दे दी। रात में उसने मां इंदुबाई को अस्पताल भेजा ओर फिर खुद फंदे पर झूल गया। रात में मां जब पहुंची तो उसने राजा को फंदे पर लटके देखा। आसपास के लोगो से मदद मांगी। लेकिन कोई नही आया। बाद में रिश्तेदार राजा को उतारकर अस्पताल ले गए। भाई गोलू का आरोप है कि एक वर्ग विशेष की महिला उसे धर्म परिवर्तन को लेकर दबाव बना रही थी।

भाई गोलू ने आरोप लगाते हुए कहां है कि वह फिरदौस नगर पानी की टंकी के यहां वर्ग विशेष की युवती रानी के साथ रहने लगा था। रानी की हरकते ठीक नही थी। इस कारण से कई बार परिवार ने उसे रोका था। लेकिन वह नही माना। तीन माह से रानी उससे काफी विवाद करने लगी थी। रानी ने कहां था कि परिवार से रूपये लो ओर एक मकान लेकर अलग रहेगे। तुम मेरा धर्म भी अपना लेना। इसके बाद राजा परेशान रहने लगा था।

अनेक स्थानों पर चोरों का धावा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। राजेंद्र नगर इलाके में स्थित गोदाम में घुसे चोर यहां से लैपटॉप, नट बोल्ट, तांबा सहित नकदी चुरा ले गए। वहीं सूने मकानों को भी निशाना बनाते हुए वारदातों को अंजाम दिया।

राजेंद्र नगर पुलिस के मुताबिक अशोक नगर एयरपोर्ट रोड पर रहने वाले कृष्णा सोनी के गोदाम में चोरी हो गई। फरियादी ने बताया कि पंजाबी बाग शिव स्क्वेयर के पीछे ट्रेजर टाउन रोड स्थित उनके गोदाम का शटर उचकाकर घुसे बदमाश लैपटॉप, नट बोल्ट, तांबा सहित नकदी चुरा ले गए। इसी प्रकार कनाडिय़ा इलाके में शुभम रायकवार निवासी करुणा सागर अपार्टमेंट के फ्लैट में चोरी हो गई। ताला तोड़कर घुसे बदमाश सोने-चांदी के जेवर और 5 मोबाइल फोन ले भागे। वहीं जूनी इंदौर पुलिस ने बताया कि मॉडल विलेज कॉलोनी में रहने वाले बचनसिंह यादव के सूने मकान में घुसे चोर आभूषण और 15 हजार रुपए नकदी चुरा ले गए। उधर, बाणगंगा क्षेत्र में एक पान दुकान पर गुटखा खाने आया युवक मोबाइल चुरा ले गया। पुलिस के मुताबिक फरियादी प्रकाश भुवालिया निवासी भागीरथपुरा की रिपोर्ट पर आरोपी गोलू उर्फ शंकर कश्यप पर केस दर्ज किया गया।

नशे में मिला चालक, बस जब्त

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। सड़क हादसों को रोकने और यातायात नियमों का पालन कराने के लिए ट्रैफिक पुलिस द्वारा गैर जिम्मेदार वाहन चालकों की ब्रीथ एनालाइजर मशीन के साथ चेकिंग पॉइंट लगाकर कार्यवाही की जा रही है। कार्रवाई के दौरान एसीपी सुनील शर्मा के नेतृत्व में सूबेदार सुमित बिलोनिया द्वारा तीन इमली चौराहा, सूबेदार राजेन्द्र सिंह चौहान द्वारा ढक्कन वाला क्षेत्र में एवं सूबेदार काजिम हुसैन रिजवी द्वारा मूसाखेड़ी चौराहा पर चैकिंग पॉइंट लगाकर कार्यवाही की गई। कार्यवाही के दौरान सूबेदार रिजवी व क्यूआरटी 31 टीम ने गोरखपुर से इंदौर के बीच संचालित होने वाले शिवांश ट्रैवल्स की बस को मूसाखेड़ी चौराहा पर प्रेशर हॉर्न बजाने पर रोका गया। जांच करने पर वाहन चालक अर्जुन वर्मा शराब के नशे मे गाड़ी चलता पाया गया। वाहन चालक पर वैधानिक कार्यवाही करते हुए मोटर व्हीकल एक्ट की विभिन्न धाराओं के तहत चालान बनाकर प्रकरण न्यायालय मे प्रस्तुत किया जा रहा है।

कार ने स्ट्रीट डॉग को कुचला

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। स्ट्रीट डॉग पर चालक ने अपनी कार चढ़ा दी। जब एक व्यक्ति ने इसका विरोध किया तो उसे धमकाया और भाग निकला। मामले में लसूडिय़ा पुलिस आरोपी की तलाश कर रही है। जानकारी के अनुसार फरियादी नीरज पिता सुभाष शर्मा निवासी नंदा नगर ने दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि 16 मई की रात वह बालाजी एसोसिएट्स स्कीम नंबर 78 से गुजर रहा था तभी तेज रफ्तार में दौड़ रही होंडा सिटी कार के चालक में सड़क किनारे बैठे स्ट्रीट डॉग के ऊपर चढ़ा दी जिसमें डॉग को गंभीर चोटे आई मैंने कार चालक को समझाया कि गाड़ी धीमी गति से चलाना चाहिए इस पर कार चालक ने मारपीट करते हुए कहा कि यहां से चले जाओ नहीं तो तेरे पर भी कार चढ़ा दूंगा बोलकर कार लेकर फरार हो गया। लसूडिय़ा पुलिस ने कार चालक के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर उसकी तलाश कर रही है।

आधा किलो गांजे के साथ पकड़ाए

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। तेजाजी नगर पुलिस ने चेकिंग अभियान के दौरान मोटरसाइकिल सवार नरेश पिता रामलाल चौहान और दिलीप पिता बालकृष्ण वर्मा दोनों निवासी संत नगर को पकड़ा तलाशी लेने पर उनके पास से 530 ग्राम गांजा बरामद किया है। दोनों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज किया है।

पुलिस पंचायत में काउंसिलिंग से दे रहे राहत

कोई बेटे से तो कोई बहू से परेशान होकर न्याय की गुहार लगाने पहुंचा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। उम्र के इस पड़ाव पर जब अपनों का सहारा जरूरी होता है, ऐसे समय ही यदि बहू-बेटे परेशान करें तो बुजुर्ग कहां जाएं। ऐसी समस्याओं के समाधान हेतु इंदौर पुलिस द्वारा वरिष्ठ अधिकारियों के मार्गदर्शन में सीनियर सिटीजन पुलिस पंचायत का संचालन किया जा रहा है। जिसमे अति. पुलिस उपायुक्त मुख्यालय मनीषा पाठक सोनी एवं उनकी टीम द्वारा पलासिया स्थित कार्यालय में स्वयं व्यक्तिगत रूप से वृद्धजनो की शिकायत सुन दोनों पक्षों की काउसिलिंग कर राहत प्रदान की जा रही है।

बुधवार को हुई पंचायत में हीरानगर थाना क्षेत्र में रहने वाले वृद्ध ने बताया कि उनके बेटे की कोरोनाकाल में मौत हो चुकी है। उनकी 9 व 5 वर्ष की पोतियों का लालनपालन वे कर रहे हैं। बेटे ने पोतियों का बीमा कराया था, जिनकी प्रीमियर वे खुद ही भर रहे हैं। लेकिन पुत्र की मृत्यु के पश्चात मिली पांच लाख बीमा राशि बहू ने व्यर्थ खर्च कर दिए। अन्य बीमा की राशि 18 वर्ष की आयु होने पर लगभग 12 लाख से ऊपर की राशि पोती को प्राप्त होना है। वृद्ध की शिकायत है बहू का व्यवहार भी बच्चों प्रति ठीक नहीं है। पंचायत ने बुधवार को दोनों पक्षों को बुलाया और बहू को समझाइश दी गई। इस पर बहू ने अपना व्यवहार सुधारने का आश्वासन दिया है।

दूसरे प्रकरण में राऊ थाना क्षेत्र में रहने वाले 76 वर्षीय वृद्ध को दो किराएदार परेशान कर रहे थे। वे न तो किराया दे रहे थे और न ही मकान खाली कर रहे थे। टीम द्वारा काउंसलिंग के पश्चात तीनों के बीच अनुबंध स्थापित हुआ कि आगामी 10 माह में पूरी राशि चुका दी जाएगी इस तरह से वृद्ध की गंभीर समस्या का निराकरण हुआ। वहीं तीसरे प्रकरण में 63 वर्षीय वृद्धा के मकान को बड़े पुत्र ने बिकवा दिया और कोई राशि मां को नहीं दी एवं ना ही भरण पोषण दे रहा था। पंचायत में काउंसलिंग के बेटे ने प्रतिमाह खर्चे 5 हजार प्रतिमाह देने की सहमति जताई है। एक अन्य मामले में भंवरकुआ की वृद्ध दंपति ने बहू पर प्रताडऩा की थी। बहू को बुलाने पर ज्ञात हुआ कि पति ने दूसरी शादी कर ली है और पति द्वारा सास ससुर से अलग रहने के लिए धमकाया जा रहा है। काउंसलिंग टीम द्वारा पूरे परिवार को बिठाकर समझाया गया है और 1 सप्ताह का समय देते हुए आगामी बुधवार को फिर बुलाया गया है। वहीं एक 62 वर्षीय विधवा निवासी किशनगंज महू के अनुसार उनके एकमात्र पुत्र के द्वारा नशा करके आए दिन पिटाई की जाती है, टीम द्वारा आगामी बुधवार को थाने के माध्यम से पुत्र को बुलवाया जाएगा।

बाघ ने किया गाय का शिकार

इंदौर। महू तहसील के मलेंडी गांव में एक बार फिर बाघ का मूवमेंट हुआ है। बाघ ने सोमवार की रात को गाय का शिकार किया था। जानकारी लगने के बाद घटना स्थल पर मंगलवार को वन विभाग ने नाइट विजन कैमरे लगाए थे। मंगलवार देर रात बाघ कैमरे की नजर आया है। वन विभाग की टीम अब बाघ पर नजर रख रही है। आस पास के गांव में लोगों को सतर्क रहने के लिए कहा है। शिकार का यह पूरा नजारा मंगलवार देर रात वन विभाग के कैमरे में कैद हुआ। फिलहाल पूरे मामले में वन विभाग के स्थानीय अधिकारी कुछ भी बोलने से बच रहे हैं।

DGR
Detective Group Report
सतर्क रहें-सजग रहें अभियान

दैनिक समाचार पत्र/न्यूज़ पोर्टल/न्यूज़ चैनल
Daily Newspaper
www.dgr.co.in
Worldwide News portal
www.detectivegroupreport.com
Worldwide Youtube channel
https://youtube.com/c/DETECTIVEGROUPREPORT

समाचार, विज्ञापन और समूह से जुड़ने के लिए संपर्क करें
+91 91110 30505
Email-: dgrnewsnetwork@gmail.com

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक - पुष्पेंद्र पुष्प द्वारा पंकज प्रिंटर्स एंड पैकेजिंग एलयूएन-22, सेक्टर एफ, सांवेर रोड, इंडस्ट्रीयल एरिया, इंदौर से मुद्रित एवं 406- इंडस्ट्री हाउस 15 ए.बी. रोड, ओल्ड पलासिया, इंदौर (म.प्र.) से प्रकाशित।
■ आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535 ■ डाक पंजीयन : एमपी/आईडीसी/1600/2023-2025 ■ *प्रधान संपादक - पुष्पेन्द्र पुष्प, ■ प्रबंध संपादक - महेन्द्र आर.पालीवाल, ■ समूह PRO - एल.एन. उग्र ■ फोन : 0731-2433667 ■*पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार।